दिनांक : 08.03.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा खेल अधोसंरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी, हर विधानसभा क्षेत्र में होगा स्टेडियम का निर्माण
- आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस़ पर अनेक कार्यक्रमो का आयोजन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीं शुभकामनाएं
- टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच 7 बजे से खेला जाएगा

पीएम- परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे लगभग 18 हजार 300 करोड़ रुपये की दिल्ली मेट्रो परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के दो नए गलियारों का भी उद्घाटन करेंगे। इनमें मजलिस पार्क और मौजपुर बाबरपुर के बीच के 12 किलोमीटर से लंबे पिंक लाइन गलियारा और दीपाली चौक से मजलिस पार्क के बीच लगभग दस किलोमीटर लंबा मैजेंटा लाइन गलियारा शामिल हैं। इससे दिल्ली के बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क के यात्रियों के लिए आवाजाही सुगम होगी।

खेल अधोसंरचना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है एवं विभिन्न जिलों में नए स्टेडियम, खेल परिसर एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। हर विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कल उज्जैन में स्व. राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर नानाखेडा स्टेडियम परिसर में 48.71 करोड रुपए की लागत से बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिन्थेटिक हॉकी टर्फ और पवेलियन दर्शक दीर्घा के निर्माण कार्य के भूमि- पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि वर्ष 2030 में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में इस स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच का आयोजन करवाया जाए।

रायसीना संवाद

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने किसी भी व्यापार समझौते में हितधारकों की संवेदनशीलता से समझौता नहीं किया है। नई दिल्ली में रायसीना संवाद 2026 के तीसरे और अंतिम दिन श्री गोयल ने कहा कि सरकार ने सभी व्यापार समझौतों में भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की है और इससे व्यापक सहयोग के द्वार खुले है।

महिला दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है- महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री-पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं और शिक्षित, आत्मनिर्भर तथा सशक्त महिलाएं समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। राष्ट्रपति नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में एक समारोह में शामिल होंगी। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय आज कर्तव्य-पथ पर अलग-अलग क्षेत्र की महिलाओं के साथ शक्ति वॉक का आयोजन कर रहा है।

महिला दिवस प्रदेश

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल 'क्वीन्स ऑन द व्हील्स' की 25 महिला सुपर बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि 'क्वींस ऑन द व्हील्स' 3.0 महिला बाइकिंग टूर मात्र बाइक रैली नहीं बल्कि नारी सशक्तिकरण, साहस और पर्यटन के माध्यम से मध्यप्रदेश की पहचान को दुनिया तक पहुंचाने का एक अनूठा अभियान है। इसमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों की 25 साहसी महिला बाइक राइडर्स शामिल हैं। यह यात्रा 13 मार्च तक चलेगी, और 1400 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। बाइकिंग टूर प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल- सांची, उदयगिरी, चंदेरी, खजुराहो, कूनो नेशनल पार्क, ग्वालियर, मितावली, ओरछा और खजुराहो से होकर गुजरेंगी। यात्रा का समापन 13 मार्च को भोपाल में होगा। 'फिट इंडिया वूमन्स वीक' के अंतर्गत रायसेन जिले के मंडीदीप में “अस्मिता - खेल से ही पहचान” कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं और विभिन्न विभागों की महिलाओं ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़ तथा रस्साकशी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रंगपंचमी

आज रंगपंचमी है। इंदौर में रंगपंचमी के ऐतिहासिक पर्व पर गेर निकाली जाएगी। नगर निगम इंदौर द्वारा राजवाड़ा क्षेत्र से निकलने वाली पारंपरिक रंगपंचमी गैर के उपरांत मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों की त्वरित सफाई तथा कचरा प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं अशोकनगर जिले की बहादुरपुर तहसील की ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम करीला में प्रतिवर्ष रंगपंचमी पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला कल शुरू हो गया। 7 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मेले में लगभग 20 लाख श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। रंगपंचमी का पर्व आज आगरमालवा जिले में भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच 7 बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में तेज गर्मी पड़ने लगी है। सागर, ग्वालियर-चंबल के बाद इंदौर और उज्जैन संभाग में भी गर्मी बढ़ गई है। इंदौर में पारा 36.2 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में 35 डिग्री के पार है। नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री दर्ज किया।

समाचार संक्षेप में.......

1- खण्डवा में मोतियाबिंद रोग की जांच और उपचार के लिए चोइथराम फाउण्डेशन ट्रस्ट इंदौर और शंकरा आई सेंटर के सहयोग से कल से विभिन्न स्थानों पर शिविर चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।

2- आगरमालवा जिले के चयनित छह स्वयंसेवकों का दल राज्य एनएसएस कार्यालय द्वारा प्रदेश के चित्रकूट में 8 से 14 मार्च तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिये कल रवाना हुआ।

3- खेल एवं युवा कल्याण विभाग बैतूल के द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन कल कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर में किया गया।

4- राजगढ़ में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक में जिले में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

-------